# MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

## // UNIVERSITY LIBRARY //

## -: NEWS CLIPPING SERVICE -:

## DATE:06 AUG. 2026

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'DANIK NAIDUNIYA '06 AUG.2026

# इंडिया टुडे रैंकिंग में एमसीयू को टॉप 50 विश्वविद्यालयों में स्थान

**नप्र, भोपालः** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) ने इंडिया टुडे बेस्ट यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में देश के टॉप 50 विश्वविद्यालयों में जगह बनाकर नई उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय को इस सूची में 40वां स्थान मिला है, जबकि पिछले वर्ष वह 43वें स्थान पर था। खास बात यह है कि टॉप 50 में शामिल होने वाला एमसीयू देश का एकमात्र मीडिया विश्वविद्यालय है। रैंकिंग में एमसीयू को देश के शीर्ष 10 मास कम्युनिकेशन विश्वविद्यालयों में भी स्थान दिया गया है। विश्वविद्यालय पत्रकारिता, जनसंचार, कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी, न्यू मीडिया, प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग तथा प्रबंधन जैसे व्यावसायिक और उद्योगोन्मुखी पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए जाना जाता है। रैंकिंग के दौरान ब्रांड प्रतिष्ठा, सुशासन, शैक्षणिक अनुसंधान, आधारभूत संरचना, नेतृत्व और विद्यार्थियों के प्लेसमेंट जैसे विभिन्न मानकों का मूल्यांकन किया गया। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय लगातार शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि मीडिया शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित पाठ्यक्रमों को शामिल करने में एमसीयू देश के अग्रणी संस्थानों में शामिल है।